# 5 Things You Should Know About Credit Cards in Hindi

continuegyan.com/things-you-should-know-about-credit-cards

भारत में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है, इसीलिए आज के ब्लॉग-पोस्ट में जानेंगे **5 Things You Should Know About Credit Cards** के बारे में। चाहे हमें ऑनलाइन शॉपिंग करनी हो या रिटेल स्टोर से खरीदारी, रेस्टोरेंट से लेकर मूवी तक के टिकट के लिए लोग ज्यादातर क्रेडिट कार्ड का ही इस्तेमाल करते है।

अगर आपके पास क्रेडिट कार्ड नही है तो क्रेडिट कार्ड लेने के लिए फोन कॉल या फिर ईमेल वगेरह तो आते ही रहते होंगे और अगर आपके पास क्रेडिट कार्ड है तो दूसरी कंपनी के कार्ड या फिर उसी कंपनी के दूसरे कार्ड जैसे लुभावने ऑफर भी आपको मिलते ही रहते होंगे।




लेकिन बैंक कई बार क्रेडिट कार्ड से जुड़ी हुई कुछ जरुरी जानकारी आपसे छुपा जाते है। आज मै आपसे उसी टर्म्स या जानकारी के बारे में बात करूँगा जो बैंक आपको क्रेडिट कार्ड जारी करते समय बताना पसंद नही करते है और बाद में आपको पता चलता है।

## 1) Free EMI Scheme Terms

अक्सर बैंक अपने कस्टमर्स को फ्री EMI या फिर क्रेडिट कार्ड पर 0% EMI का वादा करते है लेकिन बैंक शायद ही आपको 0% EMI से जुड़ी हुई शर्ते पढ़ने या समझने का समय देते है।

आपको मालूम होना चाहिए कि 0% ब्याज में EMI पर नियम और शर्ते लागु होती है अगर आप किसी भी एक शर्त का पालन नही करते है तो आपको 5 या 10% नही पूरे 20% से भी ज्यादा का ब्याज चुकाना पड़ सकता है।

## 2) Credit Card Points

जब भी आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते है तो आपको कुछ Points मिलते है जिन्हें आप रिडीम करके कैशबैक ले सकते है। बैंक आपको कभी भी खुद से नही बताते है कि आप उन पॉइंट्स को कैसे रिडीम कर सकते है ऐसी ही जानकारी ना होने की वजह से आपके लाखो Points ऐसे ही पड़े रह जाते है और अंत में आपका क्रेडिट कार्ड Expire हो जाता है।

इसके अलावा जब आपके Points एक हजार से दस हजार तक जैसे Achievements तक पहुँच जाते है तब भी बैंक आपको ये नही बताते है कि आपके इतने Points हो गए है और आप इसको कैसे रिडीम करा सकते है।

क्रेडिट कार्ड पर Points को कैसे चेक करते है और उनको कैसे रिडीम करते है वो मै आपको इस पोस्ट के आखिर में बताऊंगा।

## 3) Credit Card Due Date

आपने अक्सर देखा होगा कि अगर आपको मोबाइल फोन का बिल भरना है तो टेलिकॉम कंपनिया आपको लगातार SMS भेजती रहती है यहाँ तक कि कॉल भी करती है और बैंक भी आपको मिनिमम बैलेंस के लिए रिमाइंडर भेजते ही रहते है।

लेकिन क्रेडिट कार्ड का बिल जमा करने के लिए आपके पास ना तो कोई SMS आता है और ना ही कोई कॉल आता है। हकीकत देखा जाये तो बैंक खुद ही नहीं चाहते कि आप क्रेडिट कार्ड का बिल समय पर जमा करे।

इसीलिए आपको खुद ही अपने क्रेडिट कार्ड का Due Date ध्यान में रखना चाहिए और क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान समय पर करना चाहिए। बैंक तो यही चाहते है कि आप लेट करे और वो आपसे जुर्माना या फाइन वसूल सके।

## 4) Free Credit Card Annual Fee

फ्री में क्रेडिट कार्ड को अपडेट करने की सालाना फीस, बैंक अक्सर आपको क्रेडिट कार्ड अपग्रेड करने का ऑफर देते रहते है। अक्सर बैंक के एग्जीक्यूटिव आपको Free of Cost अपने सिल्वर कार्ड को गोल्ड में या फिर गोल्ड कार्ड को प्लैटिनम में अपग्रेड करने का लालच देते रहते है।

लेकिन आपको ये नही बताते है कि नए क्रेडिट कार्ड के लिए आपको 500 रुपये से लेकर 700 रुपये तक का सालाना शुल्क भी देना पड़ेगा।

## 5) Annual Fee for Credit Card Limit Increase

क्रेडिट कार्ड रखने वालो को अक्सर फोन कॉल्स आते रहते है कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट मुफ्त में बढाई जा रही है, बैंक आपको Privilege कस्टमर मानते हुए आपकी लिमिट को दो गुना या फिर इससे ज्यादा बढ़ा रहा है।

यहाँ आपसे आपकी सहमति भी नही मांगी जाती है लेकिन बैंक आपको कभी भी ये नही बताते है कि इसके बाद से आपके कार्ड की सालाना फीस भी बढ़ जाएगी। जैसे-जैसे आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ती जाती है वैसे ही आपकी कार्ड की सालाना फीस भी बढ़ती जाती है।

ये वो पांच चीजे है जो बैंक आपको कभी नही बताते है इसीलिए आपको खुद से ही इन बातो का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप क्रेडिट कार्ड का सही से इस्तेमाल कर सके और किसी भी नुकसान से बच सके।

## How to Check and Redeem Credit Card Points

आपके क्रेडिट कार्ड पर कितने Points है ये जानने के लिए आपको इन्टरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करना होगा। जिस भी बैंक का क्रेडिट कार्ड है आपके पास उस बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना यूजर नेम और पासवर्ड के द्वारा लॉग इन करे, उसके बाद एक आप्शन होगा Cards इसे क्लिक करे इसके बाद Cards में Enquiry का आप्शन मिलेगा उसे क्लिक करे।

आपके पास जितने भी कार्ड है वो यहाँ दिखेगा, आपको जिस कार्ड के बारे में जानना है उसे क्लिक करे अगले स्क्रीन पर आपके Points कितने है ये पता चल जायेगा और यही से आप उन Points को रिडीम भी कर सकते है। अगले 24 से 48 घंटे के अंदर आपके क्रेडिट कार्ड के Points रिडीम होकर आपके अकाउंट में बैलेंस जुड़ जाते है।

दोस्तों एक ब्लॉग पोस्ट को लिखने में काफी समय लगता है, सोचना पड़ता है, मेहनत लगती है। मेरे द्वारा दी गयी क्रेडिट कार्ड की जानकारी पसंद आने पर शेयर जरुर करे और किसी दूसरे व्यक्ति की भी मदद करे। धन्यवाद्..

---

Copyright 2020 | Continue Gyan